आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS IN MEDICAL SCIENCES
(Autonomous Body under Ministry of Health and Family Welfare, Govt. of India)
महात्मा गांधी मार्ग (रिंग रोड), अंसारी नगर, नई दिल्ली - ११००२९
Mahatma Gandhi Marg (Ring Road), Ansari Nagar, New Delhi -110029

सं० **A.12017/Misc./1/2022-Estt.** दिनांक: **23** जून, 2022

रिक्ति सूचना

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में उच्च मानकों के स्नातकोत्तर परीक्षा आयोजित करने हेतु स्थापित किया गया है।

एनबीईएमएस **संपादकीय प्रबंधक** के **(संविदागत)** पद (प्रारंभ में 89 दिनों की अवधि) हेतु पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

पद का नाम	:	**संपादकीय प्रबंधक (संविदागत)**
पदों की संख्या	:	**01**
वेतनमान	:	**30,000/- रूपये से 40,000/- रूपये (प्रति माह समेकित)** **(योग्यता और अनुभव के आधार पर)**
आयु सीमा	:	**35 वर्ष से अधिक न हो**
शुल्क	:	**शून्य**

योग्यता:

अनिवार्य योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पत्रकारिता, अंग्रेजी या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री, कंप्यूटर का ज्ञान।

वांछनीय योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पत्रकारिता, अंग्रेजी या संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री। कंप्यूटर अनुप्रयोगों में दक्षता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

चयन प्रक्रिया:

❖ चयन प्रक्रिया प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर तय की जाएगी।

सामान्य शर्तें:

a) निर्धारित प्रारूप में विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र शैक्षणिक योग्यता / अनुभव प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ निम्न पते पर **15 जुलाई, 2022 तक या उससे पहले** पहुँच जाना चाहिए:

“संयुक्त निदेशक (प्रशासन),
आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, एनएएमएस बिल्डिंग,
अंसारी नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110029”

b) लिफाफे पर **"संपादकीय प्रबंधक (संविदागत)" के पद के लिए आवेदन** लिखा होना चाहिए।

c) आवेदक के पास आवेदन की अंतिम तिथि तक आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव होना चाहिए।